राज्यपाल सचिवालय
राजभवन , जयपुर

# राज्यपाल श्री मिश्र ने गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती से मुलाकात की

जयपुर, 21 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जयपुर प्रवास पर आए गोवर्धन पीठ पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती जी से बुधवार को मानसरोवर स्थित माहेष्वरी समाज के जनोपयोगी भवन में भेंट की। राज्यपाल श्री मिश्र ने इस दौरान स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती जी को शॉल भेंट कर उनका अभिनंदन किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इससे पहले उन्होंने स्वामी जी से धर्म, नीति, समाज सहित विभिन्न विषयों पर शास्त्र सम्मत चर्चा की।

-----